हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 युवा अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें और सकारात्मक सोच रखें...



07 मक्का की बंपर आवक से सिरोंज मंडी में अव्यवस्थाएं, रात को जाम...



खबर संक्षेप

नव्या योजनाः बालिकाओं को मिलेगा निःशुल्क रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण

विदिशा। केंद्र सरकार की नव्या योजना के तहत 16 से 25 वर्ष की बालिकाओं और युवतियों को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जाएगा। योजना का उद्देश्य उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल विकसित कर युवतियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। नोडल आईटीआई प्राचार्य कविता रघुवंशी ने इच्छुक बालिकाओं से नजदीकी शासकीय आईटीआई में संपर्क कर पंजीयन कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और आर्थिक रूप से सशक्त करने में मददगार होगी। योजना की जानकारी और पंजीयन के लिए 9131778644 और 8358006705 पर संपर्क किया जा सकता है।

दो महीने तक चलेगा जागरूकता अभियान

विदिशा। जिले में 28 अक्टूबर से तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 शुरू किया गया है। अभियान 28 दिसंबर तक चलेगा। सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज परिसर में तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई गई। इस दौरान मरीजों और परिजनों को तंबाकू व धूम्रपान के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। तंबाकू सेवन करने वालों की मुख रोग और कैंसर के शुरुआती लक्षणों की जांच भी की गई। जिला अस्पताल के व्यसन मुक्ति केंद्र में निःशुल्क परामर्श और दवाइयां उपलब्ध हैं। तंबाकू छोड़ने के इच्छुक लोग हेल्पलाइन नंबर 1800-112-356 पर संपर्क कर सकते हैं।

सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन 10 तक

विदिशा। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की आत्मा परियोजना के तहत वर्ष 2025-26 के सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विकासखंड स्तर पर चयनित किसानों को 10 हजार रुपए और जिला स्तर पर 25 हजार रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, रेशम उत्पादन और कृषि अभियांत्रिकी क्षेत्र के किसान आवेदन कर सकेंगे। आवेदन पत्र विकासखंड के बीटीएम, एटीएम, कृषि विभाग एवं संबंधित कार्यालयों से प्राप्त किए जा सकते हैं। भरे हुए आवेदन आवश्यक दस्तावेजों के साथ 10 नवंबर तक जमा करना अनिवार्य है।

हरिपुरा की सड़क पर शुरू हुआ पेंच वर्क

विदिशा। हरिपुरा की मुख्य सड़क पर बारिश के बाद गड्ढे उभर आए थे। जिससे अब वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस सड़क पर स्कूल, कॉलेज होने के कारण बड़ी सख्या में विद्यार्थियों का यहां से आना जाना होता है। इस समस्या को देखते हुए नगरपालिका ने यहां पेंचवर्क शुरू करा दिया है। गड्ढों को डामर से व्यवस्थित रूप से भरा जा रहा है जिससे छात्रों को परेशानी न हो।

फूलों की बंपर खेतीः खरीददार खुश उगाने वाले हुए मायूस



विदिशा। दीपावली नजदीक आने के साथ फूलों की मांग बढ़ेगी और कीमतों में भी उछाल आ सकता है। फिलहाल कम कीमतों के चलते लोग सजावट और पूजन के लिए आसानी से फूल खरीद पा रहे हैं।

विदिशा। दीपावली से पहले शहर के बाजार में गेंदा फूलों की आवक जोरदार हो गई है। आसपास के गांवों में इस बार गेंदा फूल की अच्छी पैदावार होने से कीमतों में गिरावट आई है। कभी 30 से 40 रुपए किलो बिकने वाला गेंदा फूल इन दिनों 10 से 12 रुपए किलो में आसानी से मिल रहा है। इससे ग्राहकों को राहत मिल रही है। शहर के विट्ठलनगर कॉलोनी के पीछे फूलों की खेती करने वाले गोलू कुशवाह पिछले 10 साल से इस काम में जुटे हैं। उनका कहना है कि इस बार उनके खेत में गेंदा फूल की अच्छी फसल हुई है। विदिशा और आसपास के कई किसानों ने भी एक से तीन बीघा जमीन में फूलों की खेती की है। इसके चलते बाजार में आवक बढ़ गई है और किसानों को उचित भाव नहीं मिल पा रहा है।

स्वामित्व रजिस्ट्री में दस से कम प्रविष्टियां पूरी करने वाले 22 पटवारियों की सूची जारी

विदिशा के 2 पटवारी भी शामिल, सात पटवारियों ने अब तक एक भी रजिस्ट्री नहीं की पूरी, सबसे कम प्रगति वाले पटवारियों की स्थिति चिंताजनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

- कुरवाई के एक पटवारी को किया जा चुका है निलंबित।

स्वामित्व योजना के तहत अधिकार अभिलेख तैयार करने और रजिस्ट्री का कार्य पूरा करने में जिले के कई पटवारियों की प्रगति बेहद धीमी है। सामने आई सूची के अनुसार, जिले की विभिन्न तहसीलों के 22 पटवारी ऐसे हैं, जिन्होंने अब तक 10 से कम स्वामित्व रजिस्ट्री पूरी की हैं। इनमें सात पटवारियों ने एक भी रजिस्ट्री पूरी नहीं की है, जबकि 9 पटवारियों ने एक से 5 और 6 पटवारियों ने छह से नौ रजिस्ट्री पूरी की हैं।

हरिभूमि पड़ताल

सूची में बासौदा, गुलाबगंज, कुरवाई, नटेरन, शमशाबाद, त्योंदा, विदिशा, ग्यारसपुर और लटेरी तहसीलों के पटवारी शामिल हैं। इनमें बासौदा, कुरवाई, नटेरन, शमशाबाद और त्योंदा के पटवारियों की प्रगति शून्य दर्ज की गई है। गुलाबगंज के संदीप सोनी ने 302 भूखंडों में से एक, नटेरन के एक पटवारी ने 385 में से एक और विदिशा की रक्षा सोनी ने 255 में से दो रजिस्ट्री पूरी की हैं। वहीं बासौदा के अजय यादव और बाबूलाल अहिरवार ने तीन-तीन, जबकि गुलाबगंज के प्रियंका शर्मा, ग्यारसपुर के ज्ञान सिंह राव और कुरवाई के अंकित जैन ने चार-चार रजिस्ट्री पूरी की हैं।

सूची में लटेरी के राजेंद्र कुमार शर्मा और विदिशा के बलराम मोगिया की प्रगति भी नौ-नौ रजिस्ट्री दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार इन 22 पटवारियों के जिम्मे कुल 5,680 भूखंड हैं, जबकि इनके विरुद्ध अब तक केवल 103 रजिस्ट्री पूरी हुई हैं। ऐसे में संबंधित क्षेत्रों में स्वामित्व रजिस्ट्री का काम गति पकड़ना जरूरी है।

काम नहीं कियाः बासौदा के पटवारी आशीष श्रीवास्तव भानूप्रताप सिंह चौहान, गुलाबगंज अरविंद कुमार पांडे, कुरवाई राजन सिंह मीना, नटेरन नीतूचौहान, शमशाबाद भारती चंदेलिया, त्योंदा विक्रम वासवानी ने एक भी रजिस्ट्री नहीं की।

पटवारी संघ ने कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर की मांग

सर्वर की सुस्ती से बढ़ा पटवारियों पर काम का दबाव, रात्रिकालीन शिविर बंद करने की मांग

कार्यालयीन समय में ही कराया जाए काम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

स्वामित्व योजना के काम में सर्वर की तकनीकी दिक्कतों और लगातार बढ़ते कार्य दबाव के विरोध में मध्य प्रदेश पटवारी संघ ने बुधवार को कलेक्टर के माध्यम से शासन को ज्ञापन सौंपा।

संघ ने सर्वर की क्षमता बढ़ाने, तकनीकी समस्याओं का निराकरण करने और अभियान के काम के लिए समय-सीमा तय करने की मांग की। संघ का कहना है कि लक्ष्य पूरा करने के दबाव में पटवारियों से दिन-रात काम कराया जा रहा है। निलंबन और सेवा समाप्ति जैसी कार्रवाई का भय दिखाए जाने से कर्मचारियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। जिला अध्यक्ष मनोज बघेल ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में शासन की योजना 'स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026' का काम अभियान के रूप में चल रहा है। एक साथ काम होने से सर्वर पर दबाव बढ़ रहा है और तकनीकी बाधाओं के कारण काम अटक जाता है। इसके बावजूद लक्ष्य पूरा नहीं होने पर पटवारियों को जिम्मेदार ठहराया जाता है। संघ ने मांग की कि सर्वर की क्षमता बढ़ाई जाए और तकनीकी कारणों से काम प्रभावित होने पर कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाए। ज्ञापन में कहा गया कि पटवारियों से लगातार 24 घंटे तक काम लिया जा रहा है। शासकीय अवकाश के दिनों में भी ड्यूटी लगाई जा रही है। कुछ जिलों में रात के समय शिविर लगाकर काम कराने का दबाव बनाया जा रहा है। इससे कर्मचारियों के स्वास्थ्य और पारिवारिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संघ ने अभियान और शिविरों के लिए समय निर्धारित कर सुबह 10 से शाम 6 बजे तक ही काम कराने की मांग की है। साथ ही रात्रिकालीन शिविर तत्काल बंद करने की बात कही है।

संघ ने शासन-प्रशासन से मांगों पर गंभीरता से विचार कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने की अपील की। चेतावनी दी कि काम के दबाव और असुरक्षित परिस्थितियों के कारण किसी पटवारी को नुकसान पहुंचता है तो इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

महिला पटवारियों की रात में ड्यूटी लगाने पर आपत्ति



विदिशा। सुबह से लेकर शाम तक ग्रामीण क्षेत्रों में काम में जुटे पटवारी।

महिला पटवारियों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया

संघ ने दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में महिला पटवारियों की रात में ड्यूटी लगाने पर भी आपत्ति जताई। ज्ञापन में कहा गया कि रात के समय असामाजिक तत्वों के कारण अप्रिय घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसलिए महिला पटवारियों की रात्रिकालीन ड्यूटी किसी भी परिस्थिति में नहीं लगाई जाए और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

संघ की 3 प्रमुख मांगें

- सर्वर सुधार : क्षमता बढ़ाकर तकनीकी समस्याओं का जल्द निराकरण किया जाए।
- समय तय हो : अभियान और शिविरों का काम सुबह 10 से शाम 6 बजे तक कराया जाए, रात के शिविर बंद हों।
- महिला कर्मचारियों की सुरक्षा : महिला पटवारियों की रात्रिकालीन ड्यूटी नहीं लगाई जाए।

पांच साल में 50 से अधिक पटवारियों की मौत का दावाः पटवारी संघ ने ज्ञापन में दावा किया कि पिछले पांच वर्षों में 50 से अधिक साथी दुर्घटनाओं में असमय जान गंवा चुके हैं। इसके बावजूद कार्यप्रणाली में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। संघ ने कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और मानवीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर काम कराने की मांग की।

दिनदहाड़े युवक पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी 7 दिन से फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बंटीनगर में 21 अक्टूबर को दिनदहाड़े युवक पर चाकू से जानलेवा हमले का वीडियो सामने आया है। गोविंद अहिरवार जिम से घर लौट रहे थे, तभी बाइक सवार तीन लोगों ने उन्हें रोककर गाली-गलौज की और चाकुओं से हमला कर दिया। हमले में युवक के शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के सात दिन से अधिक समय बीतने के बाद भी आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए हैं। एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विशेष टीम उनकी तलाश में जुटी है।

लोन दिलाने के नाम पर 16 महिलाओं से ठगी, आरोपी को ढाई साल की सजा

विदिशा। लोन दिलाने के नाम पर 16 महिलाओं से 80 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी राजकुमार दिवाकर (29), निवासी ग्यारसपुर को न्यायालय ने 2 साल 6 महीने के सश्रम कारावास और 45 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अपूर्वा पाठक ने यह फैसला सुनाया। मामले में पूजा दांगी ने 3 अक्टूबर 2024 को करारिया थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ चालान पेश किया। अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी अमिता जायसवाल ने की।

एसपी को ज्ञापन देकर आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज .विदिशा। सनातन धर्म रक्षा परिषद ने संगठन के पूर्व संगठन मंत्री एवं खरबई निवासी लाखन सिंह दांगी के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में परिषद के पदाधिकारियों ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। परिषद के जिला अध्यक्ष कृष्णा कुशवाह ने कहा कि लाखन सिंह दांगी के साथ धर्म विशेष के लोगों द्वारा मारपीट किए जाने और धमकी देने का आरोप है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की शीघ्र जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं होने पर संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान परिषद के संस्थापक धर्माधिकारी पं. जितेंद्र शास्त्री, आयुष



किरार, महेश शर्मा, जसवंत सिंह किरार, उपसरपंच देवेंद्र धाकड़, सुरेंद्र कुशवाह, राजेंद्र धाकड़, साहित्य तिवारी, धर्मेंद्र दांगी, निखिल दांगी, अरुण दांगी, राजकुमार दांगी, पंकज तिवारी, विकास दांगी, विकास नाथ, भीकम दांगी, राजाराम दांगी और लक्ष्मीनारायण साहू सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

कोटवारों का सत्याग्रह, 31 से आंदोलन की चेतावनी

स्थायी शासकीय कर्मचारी घोषित करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मप्र आजाद कोटवार कर्मचारी संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर 22 से 28 अक्टूबर तक शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया।

संघ ने प्रशासन से धरना स्थल पर टेंट लगाने और माइक के उपयोग की अनुमति मांगी है। मांगें पूरी नहीं होने पर प्रदेश के करीब 38 हजार कोटवारों द्वारा 31 अक्टूबर से भोपाल में अनिश्चितकालीन सत्याग्रह शुरू करने की चेतावनी दी गई है। संघ ने कलेक्टर और



अनुविभागीय अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कोटवारों को स्थायी शासकीय कर्मचारी घोषित करने, सेवानिवृत्ति परिलाभ देने, मालगुजारी भूमि पर भूमिस्वामी अधिकार प्रदान करने और कोटवार वर्षों की राशि पूर्व की तरह उपलब्ध कराने की मांग की है। संघ का कहना है कि कोटवार लंबे समय से शासकीय कार्य कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों पर अब तक संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है। प्रदेश संगठन के निर्णय के अनुसार जिला मुख्यालय पर सत्याग्रह के बाद 28 अक्टूबर को ज्ञापन सौंपा गया। संघ ने चेतावनी दी है कि मांगों का निराकरण नहीं होने पर 31 अक्टूबर से भोपाल में प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

एसएटीआई में 65 छात्रों को सिखाए राहत-बचाव और सीपीआर के तरीके

विदिशा। मेरा युवा भारत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में जिला सेनानी विदिशा के मार्गदर्शन में एसएटीआई पॉलिटेक्निक कॉलेज में राहत एवं बचाव कार्य, सीपीआर और करियर मार्गदर्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्लाटून कमांडर पीसी रश्मि दुबे ने किया। प्रशिक्षण में 65 छात्र-छात्राओं को आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव की प्राथमिक प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को सीपीआर के महत्व और प्राथमिक जीवनरक्षक उपायों के बारे में बताया गया। साथ ही दुर्घटना एवं आपदा के समय घबराने के बजाय सजगता, सूझबूझ और अनुशासन के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रोफेसर ब्रजेश कुमार प्रजापति सहित एसडीईआरएफ की टीम मौजूद रही। करियर प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को कौशल विकास, भविष्य की संभावनाओं और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को जीवनरक्षक कौशल से परिचित कराने के साथ जिम्मेदार नागरिक बनाना रहा।

बाल विज्ञान कांग्रेस में अनंत जैन और अवनी माहेश्वरी ने मारी बाजी

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 100 छात्रों ने प्रस्तुत किए विज्ञान प्रोजेक्ट चयनित बाल वैज्ञानिक राज्य स्तर पर करेंगे विदिशा का प्रतिनिधित्व

विशेषज्ञों ने किया छात्रों के प्रोजेक्ट का मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

उत्कृष्ट विद्यालय में बुधवार को जिला स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2026-27 का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के करीब 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा और नवाचारों का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रोजेक्ट और नए विचारों को पीपीटी के माध्यम से निर्णायक मंडल के सामने प्रस्तुत किया। जूनियर और सीनियर वर्ग के विजेताओं का चयन उनकी वैज्ञानिक सोच, प्रस्तुति और समस्या के व्यावहारिक समाधान के आधार पर किया गया। जिला समन्वयक सुरेश पाटिल और जिला कोऑर्डिनेटर विजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जूनियर वर्ग में ट्रिनिटी कॉन्वेंट की अनंत जैन ने प्रथम, साकेत एमजीएम की नामिनी व्यास ने द्वितीय और ट्रिनिटी कॉन्वेंट के आर्य अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, सीनियर वर्ग में ट्रिनिटी कॉन्वेंट की अवनी माहेश्वरी प्रथम और साकेत एमजीएम की इसीका शाक्य द्वितीय स्थान पर रहीं। सप्रिंगफील्ड के अभिषेक कुमार और ओलंपिस स्कूल के लक्ष्य पटेल ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। निर्णायक मंडल में सेवानिवृत्त प्राचार्य सुधा पावर, आरके जैन, केसी अहिरवार, वीके जैन और आरपी गुप्ता सहित प्रोफेसर केके पंजाबी एवं प्रोफेसर सचिन महाजन शामिल रहे। समापन अवसर पर विजेताओं के साथ सभी प्रतिभागियों और मार्गदर्शी शिक्षकों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। चयनित विद्यार्थी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विदिशा का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तर पर चयन होने पर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने का अवसर मिलेगा।

वैज्ञानिक सोच से समस्याओं का समाधान खोजें

कार्यक्रम में एसएटीआई कॉलेज के प्रोफेसर केके पंजाबी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल विज्ञान की जानकारी होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर समस्याओं का समाधान खोजने की क्षमता विकसित करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि 10 से 17 वर्ष की आयु के विद्यार्थियों में जिज्ञासा, नवाचार और वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए ऐसे आयोजन निरंतर होने चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य खजान सिंह ने प्रतिभागियों और मार्गदर्शी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों को नए विचारों पर काम करने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देती हैं।

2 नवंबर को होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव 2027 का आयोजन

विदिशा। जिला स्तरीय युवा उत्सव 2027 का आयोजन 2 नवंबर को स्थानीय रवींद्रनाथ टैगोर ऑडिटोरियम में किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत ने बताया कि उत्सव का उद्देश्य युवा शक्ति के माध्यम से जनभागीदारी बढ़ाना है। इसमें समूह लोक नृत्य, समूह लोक गायन, चित्रकला, कविता लेखन और नुक्कड़ नाटक सहित सात विधाओं में प्रतियोगिताएं होंगी। इस वर्ष की थीम 'नशा मुक्ति युवा और विकसित भारत' रखी गई है। प्रतियोगिताओं में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकेंगे। जिला स्तर पर विजेता दल संभाग स्तर पर और संभाग के प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त दल राज्य स्तर पर प्रतिभागिता करेंगे। प्रतिभागियों का माय भारत पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य है। एक प्रतिभागी केवल एक विधा में भाग ले सकेगा। पिछले वर्ष सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल युवा इस बार प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। आवेदन प्रारूप और विस्तृत जानकारी जिला खेल कार्यालय अथवा संबंधित विकासखंड के ग्रामीण युवा समन्वयकों से प्राप्त की जा सकती है।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-7110
सरसों
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-8330
चना
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-7401
मसूर
न्यूनतम भाव-5450
उच्चतम भाव-6750
शरबती
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-5260
बटरी
न्यूनतम भाव-2320
उच्चतम भाव-2850
मूंग
न्यूनतम भाव-5900
उच्चतम भाव-6500
उड़द
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-7800
मक्का
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-2641
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-3590
धनिया
न्यूनतम भाव-11300
उच्चतम भाव-12000
धान
न्यूनतम भाव-800
उच्चतम भाव-4835
मटर
न्यूनतम भाव-2350
उच्चतम भाव-2350

कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में बुधवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 33269 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

दो आरोपियों पर नकद इनाम की घोषणा

गंजबासौदा। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा शहर थाना में दर्ज के फरार आरोपी इसरार एवं त्योंदा थाना के फरार आरोपी शंकर लाल अहिरवार निवासी ग्राम बासादेही की सूचना देने वालों को तीन-तीन हजार रूपए नगद राशि देने और सूचनाकर्ता का नाम गोपनीय रखने की घोषणा की है।

विक्षिप्त को बचाने में लहसुन से भरा ट्रक पलटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार की रात नगर से लगभग 10 किलोमीटर दूर त्योंदा रोड स्थित ग्राम डाबर के पास एक सड़क हादसा हो गया। सड़क पर सो रहे विक्षिप्त व्यक्ति को बचाने के प्रयास में लहसुन से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी की जान नहीं गई, लेकिन ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार ट्रक चालक प्रदीप विश्वकर्मा शाजापुर से कोलकाता के लिए लहसुन लेकर जा रहा था। बीती रात जैसे ही उसका ट्रक डाबर गांव के पास पहुंचा, तभी सड़क पर एक विक्षिप्त व्यक्ति सोया हुआ था। जिसे अचानक देखकर ड्राइवर ने उसे बचाने के लिए ट्रक को तेजी से मोड़ा। इससे ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे एक खाली खेत में पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और चालक



को ट्रक से बाहर निकाला। चालक और उसके सहायक को मामूली चोटें आई हैं। वहीं सड़क पर सोया हुआ शराबी व्यक्ति भी सुरक्षित बताया जा रहा है। घटना के बाद दूसरे ट्रक को बुलवाकर उसमें लहसुन लोड कर गंतव्य के लिए रवाना किया गया। वहीं क्षतिग्रस्त ट्रक खबर लिखे जाने तक खेत में ही पडा है। उधर इस घटना के बाद डाबर सरपंच नरेन्द्र छारी सहित अन्य ग्रामीणों ने पीडित चालक और उसके सहयोगियों की मदद की।

एक दिन में आधा दर्जन का हुआ अंतिम संस्कार, मुक्तिधाम विस्तार की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के पारासरी मुक्तिधाम में बुधवार को एक साथ आधा दर्जन दिवंगतों के पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए पहुंच गए। जिससे मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के लिए बनाए गए शेड में जगह ही कम पड गई। इस स्थिति को देखते हुए पारासरी मुक्तिधाम का विस्तार करते हुए वहां पर टीनशेड और शवदाह चबूतरे बढ़ाने की मांग उठने लगी है। उल्लेखनीय है कि पिछले चौबीस घंटों में नगर में अलग अलग स्थानों पर करीब एक दर्जन नागरिकों का निधन हुआ है। ऐसे में बुधवार को सुबह से ही दिवंगतों को उनके परिजन अंतिम संस्कार के लिए पारासरी मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार के लिए लेकर आते रहे। एक के बाद एक दिवंगतों के आने और गत दिवस हुए अंतिम संस्कारों के फूल न हटने से पारासरी मुक्तिधाम में अन्य दिवंगतों के अंतिम संस्कार के लिए स्थान ही उपलब्ध नहीं हो सके। हांलाकि ऐसी स्थिति बनने से पहले ही सिरोंज चौराहा और गांधी चौक क्षेत्र के कुछ दिवंगतों को उनके परिजन बेतवा के रिपटा घाट स्थित मुक्तिधाम ले गए थे। जबकि शेष दिवंगतों का अंतिम संस्कार पारासरी मुक्तिधाम पर ही हुआ। जिससे शाम तक मुक्तिधाम के सभी टीनशेड और चबूतरे दिवंगतों के अंतिम संस्कार के चलते पूरी तरह भर गए थे और इसके बाद किसी भी दिवंगत के अंतिम संस्कार के लिए कोई स्थान उपलब्ध नहीं बचा था।

नगर के प्रमुख मुक्तिधाम में ऐसी स्थिति को देखते हुए नागरिकों ने नगर पालिका एवं प्रशासन से मुक्तिधाम का विस्तार करने और वहां पर अन्य टीनशेड और चबूतरे बनवाने की मांग की है। ताकि आगामी समय में एक साथ इतने दिवंगतों का अंतिम संस्कार करने में पीडित परिजनों और नागरिकों को कोई असुविधा न उठानी पड़े। इस संबंध में जब नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव को जानकारी मिली तो उन्होंने शीघ्र ही मुक्तिधाम का विस्तार कराने और वहां अतिरिक्त टीनशेड एवं चबूतरे निर्माण का आश्वासन दिया है।

स्थानीय कृषि महाविद्यालय में युवा संवाद कार्यक्रम का किया आयोजन

युवा अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें और सकारात्मक सोच रखें: सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कृषि महाविद्यालय में बुधवार को "युवा संवाद" कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं के साथ वर्तमान राष्ट्रीय परिस्थितियों, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका एवं लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा और सार्थक संवाद स्थापित किया गया। जिसमें वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका और शासन की योजनाओं से लेकर अन्य विषयों पर युवाओं को प्रेरित किया। साथ ही युवाओं के प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का भी उचित समाधान किया गया।

कृषि महाविद्यालय में आयोजित इस युवा संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सागर लोकसभा क्षेत्र डॉ. लता वानखेड़े मौजूद रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में कल्पेश ठाकुर प्रदेश प्रवक्ता, भाजपा तथा रवि सोनी जिला महामंत्री, भाजपा, बासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव और जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी उपस्थित थीं। इस अवसर पर सागर सांसद डॉ. लता







वानखेड़े ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं। उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहना चाहिए और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने भी युवाओं को शिक्षा और कौशल विकास पर ध्यान देने की बात कही। वहीं युवा संवाद के दौरान कल्पेश ठाकुर प्रदेश प्रवक्ता, भाजपा तथा रवि सोनी जिला महामंत्री, भाजपा ने अपने ओजस्वी विचारों से युवा वर्ग का मार्गदर्शन किया और उनमें राष्ट्रीय चेतना का संचार किया । उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों, जनहित और व्यवस्था की रक्षा के संकल्प के साथ लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ समिति की आवाज को बुलंद करने का भी आव्हान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार रखे और अतिथियों से प्रश्न पूछे। महाविद्यालय के अधिष्ठाता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, प्राध्यापक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

उधर कृषि महाविद्यालय के साथ ही एसजीएस महाविद्यालय में भी बुधवार को ही युवा संवाद कार्यकम का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने युवाओं को मार्गदर्शित और प्रेरित किया। साथ ही उनकी शंकाओं का भी समाधान किया। इस अवसर पर एसजीएस कॉलेज प्रबंधन भी मौजूद रहा।

विद्यार्थियों ने बनाए ई-वेस्ट से पच्चीस मॉडल, पर्यावरण संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवांकुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विशेष अभियान 6 के तहत ई-वेस्ट संग्रहण और जिम्मेदार निस्तारण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें करीब 700 विद्यार्थियों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यार्थियों को मोबाइल, चार्जर, बैटरी, कंप्यूटर सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक कचरे के दुष्प्रभावों तथा उसके सुरक्षित संग्रहण, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण की जानकारी दी गई। ई-वेस्ट से नवाचार' गतिविधि में अनुपयोगी सामग्री से 25 उपयोगी मॉडल तैयार किए गए। ई-वेस्ट और इको क्लब पर प्रश्नोत्तरी भी आयोजित हुई। कक्षा 12 वीं की छात्रा विधि मिश्रा ने ई-वेस्ट के बढ़ते खतरे और जिम्मेदार निस्तारण की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को इको-फ्रेंडली सीड पेन और इको क्लब की-रिंग वितरित की गईं। सीड पेन की स्याही समाप्त होने के बाद उसे मिट्टी में रोपने पर पौधा विकसित हो सकता है। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इको क्लब प्रभारी संजीव कुशवाह ने कहा कि ई-वेस्ट को सामान्य कचरे में फेंकने के बजाय वैज्ञानिक तरीके से पुनर्चक्रित किया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से घर-परिवार और आसपास के लोगों को इसके सुरक्षित निस्तारण के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन अवधेश कुशवाह ने किया।

सास की पुण्यतिथि पर पार्षद ने पति के साथ आदिवासी बस्ती में बांटे वस्त्र, मिठाई और फल

गंजबासौदा। किसी अपने की याद को केवल रस्मों तक सीमित न रखकर जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाने का माध्यम बनाया जाए, तो स्मृतियां सेवा का रूप ले लेती हैं। इसी भाव के साथ वार्ड 18 की पार्षद नीलू चंद्रशेखर चौबे ने अपनी सास स्वर्गीय पानबाई चौबे की पुण्यतिथि पर ग्राम गमोली की आदिवासी बस्ती में सेवा कार्य किया। जिसमें आदिवासी महिलाओं को 100 से अधिक साड़ियां वितरित की गईं, जबकि बच्चों को मिठाई, बिस्कुट, टॉफी और फल बांटे गए। पार्षद नीलू चौबे हर साल अपनी सास की पुण्यतिथि पर गरीब बस्तियों में सेवा कार्य आयोजित करती हैं। इस बार भी उन्होंने ग्राम गमोली पहुंचकर आदिवासी परिवारों के बीच सामग्री वितरित की। उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम की आयोजक पार्षद नीलू चौबे एवं उनके पति चंद्रशेखर चौबे का सामाजिक पहल के लिए सम्मान किया।इस मौके पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने आदिवासी समाज के कल्याण के लिए मध्यप्रदेश सरकार की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और रोजगार जैसे क्षेत्रों में पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के महत्व पर जोर दिया। नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने सामाजिक सेवा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। जनप्रतिनिधियों ने इस पहल को समाजसेवा की ऐसी परंपरा बताया, जिसे आगे भी निरंतर जारी रखा जाना चाहिए। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, भाजपा नेता राजेश तिवारी, व्यापार महासंघ अध्यक्ष विपिन तिवारी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह रघुवंशी, पार्षद मनीष विश्वकर्मा, सुनील साहू, शुभम रघुवंशी, आकिब कुरैशी, अंकुर पिंगले, सरदार सिंह रघुवंशी, धर्मेंद्र जैन और डेजी शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।



कृषि मंडी का एसडीएम ने किया निरीक्षण, शोकॉज नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

गंजबसौदा। स्थानीय कृषि उपज मंडी में व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने और किसानों को मिलने वाली सुविधाओं की वास्तविकता जानने के लिए बुधवार को एसडीएम अनुभा जैन ने मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कृषि उपज की नीलामी प्रक्रिया, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही भोजन व्यवस्था और कैंटीन की गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मिली अनियमितताओं पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडी में किसानों को जारी की जा रही रसीदों का विवरण मांगा गया, लेकिन मौके पर उपस्थित मंडी कर्मचारी आवश्यक जानकारी प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर एसडीएम ने मंडी सचिव सोहनलाल को संबंधित कर्मचारी को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडी में होने वाली गतिविधियों का रिकॉर्ड व्यवस्थित रखा जाना चाहिए, ताकि किसानों के कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान मंडी परिसर स्थित कैंटीन का भी जायजा लिया। यहां गुटखा पाउच की बिक्री होते दिखाई देने पर उन्होंने नाराजगी जताई। प्रतिबंधित गुटखा बेचने के मामले में कैंटीन संचालक के खिलाफ नोटिस जारी करने और नियमानुसार पेनल्टी लगाने के निर्देश मंडी सचिव को दिए। एसडीएम ने मंडी परिसर में नियमों का पालन सुनिश्चित करने और व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मंडी की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने, नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा किसानों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने पर जोर दिया।



भद्रा सूर्योदय से पहले समाप्त, करवा चौथ पर कोई बाधा नहीं



गंजबासौदा। भारत नेपाल ज्योतिष परिषद के अध्यक्ष एवं राजा भोज ज्योतिष पीठ के अध्यक्ष डॉ. विनीत तिवारी ने करवा चौथ को लेकर सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही भ्रांतियों का खंडन करते हुए स्पष्ट किया है कि 29 अक्टूबर को मनाए जाने वाले करवा चौथ पर भद्रा का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। भारतीय मानक समय के अनुसार भद्रा काल 28 अक्टूबर को दोपहर लगभग 2:36 से 2:38 बजे आरंभ होकर 29 अक्टूबर को तड़के लगभग 1:6 से 1:7 बजे समाप्त हो जाएगा। इस प्रकार 29 अक्टूबर को सूर्योदय से काफी पहले भद्रा पूर्णतः समाप्त हो चुकी होगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष करवा चौथ गुरुवार को पड़ रहा है, जो बृहस्पति का दिन होने के कारण अत्यंत शुभ एवं मंगलकारी संयोग है। गुरुवार को सौभाग्य, विद्या और मांगलिक कार्यों के लिए विशेष रूप से अनुकूल माना जाता है। रात्रि के लगभग रात 8:31 बजे के बाद चंद्रोदय होने का अनुमान है।

सकारात्मक सोच और योग, ध्यान बहुत जरूरी

आज तनाव अनेक बीमारियों की जड़ बन चुका है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सेवा केंद्र पर सिंगरौली से राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शोभा दीदी, बीके अंजू दीदी, प्रियंका बहन, जबलपुर से केसरी प्रसाद पांडे, भोपाल से ब्रह्माकुमार दीपेंद्र भाई का आगमन हुआ। जिनके सान्निध्य में "हीलिंग फ्रॉम विदिन" विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंतरिक शांति, मानसिक सशक्तिकरण तथा आत्मिक उपचार पर गहन मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

शोभा दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय के तमोप्रधान वातावरण में मन को सशक्त बनाकर ही वास्तविक हीलिंग संभव है। उन्होंने कहा, "जैसे माता-पिता अपने बच्चों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते हैं, वैसे ही परमात्मा भी हमारी सहायता के लिए सदैव उपलब्ध हैं। प्रश्न यह है कि हम स्वयं परमात्मा से कितना जुड़ते हैं।" आज विश्व में व्याप्त दर्द और अशांति से मुक्ति के लिए आंतरिक परिवर्तन और सृष्टि-परिवर्तन की आवश्यकता पर उन्होंने विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि पहले मनुष्य कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए मन और शरीर दोनों से सशक्त था, किंतु आधुनिक साधनों ने जीवन को भले ही सुविधाजनक बनाया हो, मन को कमजोर कर दिया है।

तनाव आज अनेक बीमारियों की जड़ बन चुका है। ऐसे में सकारात्मक सोच और राजयोग ध्यान के माध्यम से अपने घर और समाज के वातावरण को परिवर्तित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उदाहरण देते हुए उन्होंने उस चिड़िया की कथा का उल्लेख किया, जो जंगल की आग बुझाने के लिए अपनी चोंच में समुद्र का जल भरकर आग पर डालती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आत्मा यदि परमात्मा जो प्रेम, शांति और शक्तियों का सागर हैं से शक्ति लेकर वातावरण में फैलाए, तो क्रोध, चिंता, भय, ईर्ष्या और नकारात्मकता की अग्नि स्वतः शांत होने लगेगी। अंजू दीदी ने दैनिक जीवन में अभ्यास हेतु मार्गदर्शन देते हुए कहा कि सुबह का पहला आधा घंटा स्वयं के लिए निकालें, प्रतिदिन छोटे-छोटे पॉज लेकर "मैं आत्मा शांत स्वरूप हूँ" का स्मरण करें, सभी के प्रति शुभ भाव रखें और भोजन-पानी को भी परमात्मा की स्मृति में ग्रहण करें। उन्होंने राजयोग ध्यान को आंतरिक प्यूरीफायर बताते हुए इसे सीखने का आग्रह किया। दीपेंद्र भाई ने कहा कि वर्तमान समय अनेकता के कारण वह स्नेह, आपसी सद्भावना, प्यार, विश्वास और बंधुत्व की भावना बदलती जा रही है। संचालिका रुकमणी दीदी ने सभी अतिथियों एवं सहभागियों का स्नेहपूर्ण स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में राजयोग मेडिटेशन की संक्षिप्त कमेंट्री द्वारा उपस्थित जनसमूह को गहन शांति का अनुभव कराया गया।

चेतना सेवा समिति को मिला समाजसेवियों का साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है, इसी श्रृंखला में नगर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था चेतना सेवा समिति विगत 12 वर्षों से अनवरत रूप से निस्वार्थ सेवा कार्य में लगी हुई है। इसी सेवा भावना से प्रेरित होकर श्वेतांबर समाज के अध्यक्ष एवं बासौदा शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं चेतना सेवा समिति के उपाध्यक्ष समाजसेवी डॉ. विमलचंद्र ओसवाल ने चेतना सेवा समिति कार्यालय पहुंचकर 5000 रुपये की सहायता राशि भेंट की। डॉ. ओसवाल ने कहा कि चेतना सेवा समिति द्वारा किया जा रहा कार्य वास्तव में अनुकरणीय है। बिना किसी शासकीय सहायता के इतने वर्षों तक गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना बड़ी बात है। समाज के सभी वर्गों को ऐसी संस्थाओं को सहयोग करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि चेतना सेवा समिति की स्थापना वर्ष 2014 में हुई थी। तब से लेकर आज तक समिति



द्वारा प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक निःशुल्क ओपीडी का संचालन किया जा रहा है। इसमें नगर के सेवाभावी वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा अपनी सेवाएं दी जाती हैं। मरीजों को न केवल निःशुल्क परामर्श दिया जाता है, बल्कि उन्हें आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। समिति के अध्यक्ष कंछेदी लाल जैन ने बताया कि अब तक लगभग 52 हजार से अधिक मरीज इस सेवा का लाभ ले चुके हैं। विशेषकर गरीब, मजदूर वर्ग एवं बुजुर्ग मरीजों के लिए यह सेवा वरदान साबित हो रही है। सहायता राशि भेंट करने के दौरान चेतना सेवा समिति के सचिव डॉ. आरसी शर्मा, सुरेश कुमार, अशोक अग्रवाल, डॉ. विक्रम रघुवंशी, मेहरबान सिंह राजपूत, गंगाराम शर्मा, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, अर्जुन लाल पांचाल,सुरेंद्र भारद्वाज, सहयोगी अनिल साहू सहित समस्त सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. विमलचंद्र ओसवाल के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और अन्य समाजसेवियों से भी ऐसी जनकल्याणकारी संस्थाओं को सहयोग करने की अपील की।

नगरवासियों से सहयोग की अपील

गंजबासौदा। विगत दिनों शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय के सामने गत दिवस रात्रि के समय मोटर साइकिल और स्कूटी में आमने सामने भिडंत हो गई थी। जिसमें चार युवक हर्ष, धनराज, सचिन, अबूजर खान घायल हो गए थे। जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया था। जिसमें धनराज नामक युवक की गंभीर हालत बनी हुई है, उनका बंसल अस्पताल भोपाल में उपचार जारी है। दिमाग में सिर की हड्डी फस गई थी जिसे निकाल दिया गया है। उपचार में लगभग 10 लाख रुपए का खर्च आ रहा है। इवोल्व जिम संचालक उदित सेन ने नागरिकों से उपचार के लिए आर्थिक सहयोग के लिए बारकोड पर भुगतान करने की अपील की है।

व्यापारियों ने किसान हित में देर शाम तक जारी रखी नीलामी

मक्का की बंपर आवक से सिरोंज मंडी में अव्यवस्थाएं, रात को जाम जैसे हालात

रात 12:30 बजे बस स्टैंड पहुंचे किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी किसानों को कॉलेज ग्राउंड में ट्रॉलियां खड़ी करने के लिए मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

कृषि उपज मंडी सिरोंज में मक्का की भारी आवक के चलते व्यवस्थाएं चरमराने लगी हैं। मंगलवार की दरमियानी रात मंडी में उपज लेकर पहुंचे किसानों की सैकड़ों ट्रॉलियों के कारण शहर के प्रमुख मार्गों पर जाम जैसे हालात बन गए। नया बस स्टैंड, मंडी बाईपास रोड, बासौदा नाका और इमलानी रोड सहित कई स्थानों पर यातायात प्रभावित हुआ। रात करीब 12:30 बजे तक स्थिति ऐसी हो गई कि किसानों को अपनी ट्रॉलियां खड़ी करने के लिए जगह नहीं मिल रही थी और शहरवासियों को भी आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, दूसरी ओर भारी आवक के बीच व्यापारियों ने किसान हित को प्राथमिकता देते हुए देर शाम तक नीलामी का कार्य जारी रखा। इस पूरे घटनाक्रम ने मंडी में व्यवस्थाओं और प्रशासनिक सक्रियता को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

आधी रात को पहुंचे किसान नेता, किसानों को समझाकर खुलवाया जाम

मक्का की भारी आवक के चलते मंडी में जगह की कमी और ट्रॉलियों की लंबी कतारों से परेशान किसानों ने किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी को अपनी समस्या से अवगत कराया। किसानों की सूचना पर सुरेंद्र रघुवंशी रात करीब 12:30 बजे नया बस स्टैंड पहुंचे और रात डेढ़ बजे तक मौके पर मौजूद रहकर किसानों की समस्याएं सुनते रहे। उन्होंने किसानों और मंडी प्रशासन से चर्चा कर यातायात सुचारु कराने के प्रयास किए। सुरेंद्र रघुवंशी ने किसानों को समझाइश दी कि वे अपनी ट्रॉलियां प्रमुख सड़कों से हटाकर कॉलेज ग्राउंड में खड़ी कर दें, ताकि शहर में आवागमन बाधित न हो। काफी समझाइश के बाद किसान अपनी ट्रॉलियां कॉलेज ग्राउंड में ले जाने के लिए सहमत हुए। हालांकि, किसानों ने स्पष्ट किया कि अगले दिन उनकी उपज की डाक और तौल सुनिश्चित की जाए। किसानों का कहना था कि यदि उनकी उपज की नीलामी और तौल नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।



सुबह सभी ट्रॉलियों की डाक कराने का भरोसा मौके पर मौजूद सुरेंद्र रघुवंशी ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी उपज की डाक और तौल समय पर कराने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने मंडी प्रशासन से भी किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए सभी ट्रॉलियों की उपज की डाक कराने और तौल की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। किसानों की मांग थी कि वे रातभर अपनी उपज लेकर सड़कों पर खड़े रहने को मजबूर न हों और मंडी में आने के बाद उनकी उपज की बिक्री की प्रक्रिया व्यवस्थित ढंग से पूरी कराई जाए। किसानों को मिले भरोसे के बाद ट्रॉलियों को कॉलेज ग्राउंड में पहुंचाने पर सहमति बनी, जिससे प्रमुख मार्गों पर यातायात सुचारु करने की दिशा में पहल हुई।

किसान हित की जिम्मेदारी व्यापारियों के साथ प्रशासन की भी

मंडी में लगातार बढ़ रही मक्का की आवक को देखते हुए व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता महसूस की जा रही है। किसानों को उपज लेकर आने के बाद नीलामी और तौल के लिए अनावश्यक इंतजार न करना पड़े, इसके लिए मंडी प्रशासन को पहले से तैयारी करनी होगी। रात के समय आने वाली ट्रॉलियों को व्यवस्थित खड़ा कराने, पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराने, कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने और अधिक आवक वाले दिनों में अतिरिक्त व्यवस्थाएं करने की जरूरत है। व्यापारियों का कहना है कि वे सिरोंज की आर्थिक गतिविधियों और किसान हित को ध्यान में रखते हुए अपना सहयोग जारी रखेंगे, लेकिन मंडी की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। वहीं, किसानों की मांग है कि उनकी उपज की डाक और तौल समय पर कराई जाए, ताकि उन्हें अपनी उपज बेचने के लिए रातभर परेशान न होना पड़े। अब देखना यह होगा कि मंडी प्रशासन किसानों को दिए गए भरोसे के अनुरूप उपज की डाक और तौल की व्यवस्था सुनिश्चित करता है या नहीं। मक्का की बंपर आवक के बीच पैदा हुई यह स्थिति स्पष्ट करती है कि किसानों की सुविधा, शहर की यातायात व्यवस्था और मंडी के सुचारु संचालन के लिए समय रहते ठोस इंतजाम करना जरूरी है।

व्यापारियों ने देर शाम तक कराई नीलामी, किसान हित को दी प्राथमिकता

भारी आवक और व्यवस्थागत परेशानियों के बीच मंडी के व्यापारियों ने सिरोंज और किसान हित को प्राथमिकता देते हुए देर शाम तक नीलामी का कार्य जारी रखा। व्यापारियों ने प्रयास किया कि किसानों की उपज की नीलामी बीच में न रुके और अधिक से अधिक किसानों की उपज की बिक्री की प्रक्रिया पूरी हो सके। इसके लिए व्यापारियों ने देर शाम तक काम करते हुए नीलामी संपन्न कराई। व्यापारियों का कहना है कि जब मंडी में बड़ी मात्रा में कृषि उपज पहुंच रही है और किसान अपनी उपज बेचने के लिए घंटों इंतजार कर रहे हैं, तब सभी संबंधित पक्षों को मिलकर व्यवस्थाएं बेहतर बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। व्यापारियों ने किसान हित को ध्यान में रखते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाई, लेकिन इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से आवश्यक समन्वय और सहयोग की कमी महसूस हुई। व्यापारियों के अनुसार, इतनी अधिक आवक के दौरान मंडी प्रशासन के अधिकारियों को व्यवस्थाओं की निगरानी करनी चाहिए थी। कर्मचारियों की ड्यूटी सुनिश्चित करने के साथ-साथ ट्रॉलियों को व्यवस्थित खड़ा कराने और नीलामी की प्रक्रिया को सुचारु रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए थे। व्यापारियों का आरोप है कि महत्वपूर्ण समय पर अधिकारियों ने उनसे संपर्क कर व्यवस्थाओं की जानकारी लेने या आवश्यक सहयोग देने की पहल नहीं की।

भारी आवक के बावजूद मंडी की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं

मक्का की बंपर आवक के बीच मंडी की व्यवस्थाओं को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। किसानों का कहना है कि दशहरा नीलामी प्रांगण में रात के समय आने वाली ट्रॉलियों पर मंडी कर्मचारियों द्वारा बारदाना सही तरीके से नहीं लगवाया जा रहा है। इससे न केवल नीलामी की प्रक्रिया प्रभावित होती है, बल्कि किसानों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। जब शाम से ही बड़ी संख्या में किसान मक्का लेकर मंडी पहुंच रहे थे, तब ट्रॉलियों को व्यवस्थित तरीके से खड़ा कराने, वैकल्पिक पार्किंग की व्यवस्था करने और उपज की डाक एवं तौल के लिए पर्याप्त इंतजाम करने की आवश्यकता थी। इसके बावजूद रात में शहर के प्रमुख मार्गों पर जाम जैसे हालात बनने से मंडी प्रशासन की तैयारियों पर सवाल खड़े हो गए हैं।

युवा कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

संगठन को मजबूत बनाने पर जोर, निष्क्रिय पदाधिकारियों के कार्यों की हुई समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

युवा कांग्रेस को संगठनात्मक रूप से मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियों की समीक्षा करने के उद्देश्य से स्थानीय मां शारदा गार्डन में युवा कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रदेश प्रभारी शिवी सिंह चौहान के नेतृत्व में संपन्न हुई इस बैठक में संगठन की वर्तमान गतिविधियों, पदाधिकारियों की कार्यप्रणाली तथा आगामी समय में संगठन को अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश प्रभारी शिवी सिंह चौहान, संभागीय प्रभारी गीता कड़वे एवं जिला अध्यक्ष आकाश शर्मा ने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों से उनके कार्यों और दायित्वों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान संगठन में सक्रियता की कमी और अपने दायित्वों का अपेक्षित निर्वहन नहीं करने वाले पदाधिकारियों के प्रति नाराजगी भी व्यक्त की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करना होगा।

जिम्मेदारी के साथ कार्य करें पदाधिकारी बैठक के दौरान संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने और युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी संगठन की वास्तविक ताकत उसके सक्रिय कार्यकर्ता होते हैं। पदाधिकारियों को जो जिम्मेदारियां सौंपी जाती हैं, उनका समय पर निर्वहन करना आवश्यक है। केवल पद पर बने रहने से संगठन मजबूत नहीं होता, बल्कि इसके लिए निरंतर सक्रियता, जनसंपर्क और संगठनात्मक गतिविधियों में भागीदारी जरूरी है। समीक्षा बैठक में पूर्व में सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन की स्थिति पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति जवाबदेह रहने का संदेश दिया गया। साथ ही पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में युवा कांग्रेस की गतिविधियों को गति दें और युवाओं के बीच संगठन की पहुंच बढ़ाने के लिए प्रभावी प्रयास करें।

संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने पर जोर - बैठक का मुख्य उद्देश्य विधानसभा क्षेत्र में युवा कांग्रेस की संगठनात्मक स्थिति का आकलन करना, पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करना और आगामी समय के लिए संगठन को अधिक सक्रिय बनाने की दिशा में प्रयास करना रहा। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ काम करें तथा संगठन की नीतियों और कार्यक्रमों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएं। कार्यक्रम का संचालन युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक अतीक मंसूरी ने किया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक गतिविधियों को बेहतर बनाने और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के विषय पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक करोसिया, नगर अध्यक्ष शाहरुख खान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिरुद्ध यादव, आनंदपुर ब्लॉक अध्यक्ष अंकित श्रीवास्तव, गोलू गौरी, शरद सहेले सहित युवा कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के माध्यम से संगठन में सक्रियता बढ़ाने, जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन सुनिश्चित करने और युवा कांग्रेस को विधानसभा स्तर पर अधिक मजबूत बनाने का संदेश दिया गया।

विश्वविद्यालय में नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

सागर। डॉ. हरिसिंह गौर विश्व विद्यालय के ललित कला एवं प्रदर्शनकारी कला विभाग तथा सांस्कृतिक परिषद के विद्यार्थियों ने 'स्वच्छता ही सेवा स्वच्छ भारत, विकसित भारत' अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक 'दाग अच्छे नहीं हैं' का मंचन किया। विश्वविद्यालय परिसर में सुबह 10:30 बजे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स स्थित सेंटर पॉइंट से शुरू हुई प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया।नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि स्वच्छता की शुरुआत मन और विचारों की स्वच्छता से होती है।

कैल्शियम कार्बाइड के खुले विक्रय और अनधिकृत भंडारण पर प्रतिबंध

कार्बाइड गन बनाने, बेचने और परिवहन पर भी रोक, उल्लंघन करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में कैल्शियम कार्बाइड के अनधिकृत उपयोग, भंडारण और खुले विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अंशुल गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में यह रोक लागू की है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और आगामी 60 दिनों तक प्रभावी रहेगा।

प्रशासन ने यह कदम कैल्शियम कार्बाइड के दुरुपयोग से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं और जन-धन की हानि को रोकने के उद्देश्य से उठाया है। मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग से मिले निर्देशों के अनुसार कैल्शियम कार्बाइड अत्यंत संवेदनशील, ज्वलनशील और विस्फोटक प्रकृति का रसायन है। इसके अनधिकृत उपयोग से कानून-व्यवस्था और सार्वजनिक शांति प्रभावित होने की आशंका रहती है। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति या संस्था के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223, पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 और अन्य संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जारी आदेश का पालन सुनिश्चित करना सभी के लिए अनिवार्य है।

कार्बाइड गन बनाने और बेचने पर रोक

जारी आदेश के अनुसार जिले में कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग कर कार्बाइड गन अथवा किसी भी प्रकार के अवैध घातक विस्फोटक उपकरण का निर्माण, विक्रय और परिवहन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी व्यक्ति या व्यापारी वैध लाइसेंस अथवा अनुमति के बिना इसका भंडारण नहीं कर सकेगा। विशेष रूप से 500 किलोग्राम से अधिक मात्रा में या अनधिकृत तरीके से कैल्शियम कार्बाइड रखने पर रोक लगाई गई है। इसका खुले रूप में विक्रय भी प्रतिबंधित रहेगा।

लाइसेंसधारी विक्रेताओं के लिए भी निर्देश

प्रशासन ने वैध लाइसेंसधारी विक्रेताओं को निर्देश दिए हैं कि वे बिना पहचान पत्र के किसी अज्ञात व्यक्ति को कैल्शियम कार्बाइड नहीं बेचें। साथ ही प्रतिदिन होने वाले क्रय-विक्रय का पूरा रिकॉर्ड रजिस्टर में दर्ज करना अनिवार्य होगा, ताकि इसकी खरीद और बिक्री पर निगरानी रखी जा सके।

किसानों को वितरित किए मसूर बीज किट, विकासखंड में 3 हजार कृषकों को वितरित होंगे उन्नत बीज



देवरी। शासन की मंशा के अनुरूप छोटे किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग देवरी द्वारा किसानों को बोनी के लिए मसूर बीज मिनी किट का वितरण किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य किसानों को मसूर की खेती के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें उन्नत खेती के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराना है। बीज किट मिलने से किसानों को आगामी फसल की बोनी में सहायता मिलेगी और कृषि उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस संबंध में कृषि विभाग के एसडीओ उमाशंकर प्रजापति ने बताया कि किसानों को लगभग तीन हजार किट वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत करीब 600 मिनी किट मसूर बीज का वितरण किया गया है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को खेती के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के साथ ही कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने और किसानों की आय में वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

एसडीएम ने कृषि विकास कार्यालय का किया निरीक्षण

एक हेक्टेयर से कम भूमि वाले किसानों को मिलेंगी निशुल्क मिनी किट

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

एसडीएम ने कृषक कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के विकासखंड कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान शासन की बीज वितरण योजनाओं के तहत किसानों को मसूर बीज वितरण की जानकारी ली गई। प्रभारी एसएडीओ द्वारा अनुदान पर प्राप्त मसूर बीज का पात्र किसानों को वितरण किया गया। मध्यप्रदेश शासन की बीज वितरण योजना के अंतर्गत कुरवाई अनुभाग में प्राप्त 125 क्विंटल मसूर बीज में से पात्र हितग्राहियों को बीज वितरित किया गया। वहीं, समूह प्रदर्शन योजना के तहत प्राप्त 60 क्विंटल में से 48 क्विंटल मसूर बीज 120 किसानों को दिया गया। योजना के तहत 40 किलोग्राम बीज 1220 रुपए में उपलब्ध कराया गया। बीज 20-20 किलोग्राम के पैकेट में दिया गया, जिस पर 75 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। दोनों योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान के पास कम से कम एक हेक्टेयर भूमि होना आवश्यक है। एक हेक्टेयर से कम भूमि वाले किसानों के लिए 1700 मिनी किट प्राप्त हुई हैं, जिनका निशुल्क वितरण किया जाएगा।



कुरवाई न्यायालय में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

महिला अपराधों, मोटर वाहन नियमों और निःशुल्क कानूनी सहायता की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

न्यायालय परिसर कुरवाई में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिला न्यायाधीश आनंद गौतम, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड मोना शुक्ला पांडे, कनिष्ठ खंड न्यायाधीश आयुष अरोरा सहित अधिवक्ता और पक्षकार मौजूद रहे।

शिविर में जिला न्यायाधीश ने महिला संबंधी अपराधों, भरण-पोषण, घरेलू हिंसा और छेड़छाड़ से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही मोटर वाहन अधिनियम के तहत वाहन का बीमा कराने और 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन नहीं चलाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि गरीब और असहाय व्यक्ति निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क कर सकते हैं। पात्र जरूरतमंदों को कानूनी सहायता के लिए निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। कार्यक्रम में अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह दांगी, शासकीय अधिवक्ता सतीश गौतम, अध्यक्ष संजय कुमार सैनी सहित अधिवक्तागण मौजूद रहे।



कुलपति ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ

सागर। डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के तहत शिक्षा शास्त्र विभाग के तत्वावधान में प्रशासनिक भवन में सत्यनिष्ठा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. नागेश दुबे ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।केंद्रीय सतर्कता आयोग की इस वर्ष की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' के तहत आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों -कर्मचारियों ने ईमानदारी, पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही के साथ कार्य करने तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध सजग रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं शिक्षा शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार जैन तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी प्रो. उमेश के. पाटिल के मार्गदर्शन में हुआ।

हंसुआ गांव में विशाल नेत्र जांच शिविर आयोजित

अहमदपुर। जिला पंचायत सदस्य धनराज सिंह दांगी की पहल पर श्री सतगुरु सेवा संघ, आनंदपुर के सहयोग से हंसुआ गांव में विशाल नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर स्वर्गीय बूंदाबाई दांगी और हुकम सिंह दांगी की स्मृति में लगाया गया। शिविर में 180 मरीजों की आंखों की जांच की गई। इनमें से 37 मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजा गया, जबकि 63 मरीजों को दवाइयां और 27 मरीजों को चश्मे का नंबर दिया गया। वहीं, 53 मरीजों को चश्मे वितरित किए गए। इस अवसर पर धनराज सिंह दांगी ने डॉक्टरों की टीम और मरीजों का शॉल, श्रीफल एवं माला पहनाकर स्वागत किया। शिविर में सुनील पिंगले, डॉक्टर दीपक सिंह, कैंप प्रभारी दलसिंह जादौन, गोलू राठौड़, भगवान सिंह नरवरिया, पोप सिंह दांगी, रमेश महाराज, गजराज सिंह दांगी, अरविंद दांगी, राकेश दांगी, राम धाकड़, रितिक कुशवाह, अमित जाट सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



संगीता चौबे विद्या वाचस्पति सम्मान से सम्मानित

सागर। शा.उ.माध्यमिक शाला, रजाखेड़ी, सागर में पदस्थ शिक्षिका कथाकार संगीता चौबे को नई दिल्ली में विद्या वाचस्पति सम्मान से पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ, वृन्दावन धाम (मथुरा) उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। विद्यार्थी जीवन से साहित्य के प्रति अभिरुचि रखने के फलस्वरूप अपनी रचनाधर्मिता के निर्वहन के प्रतिफल और प्रतीक स्वरूप एक साथ दो कथा-संग्रह बीते लम्हे एवं परीक्षाफल के साथ सागर साहित्य जगत में आपका पदार्पण श्यामलम संस्था के माध्यम से हुआ। संगीता की इस उपलब्धि पर श्यामलम अध्यक्ष उमा कान्त मिश्र, डॉ मनीष झा, टी आर त्रिपाठी, डॉ सुश्री शरद सिंह द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया है।

गुलाबगंज में धूमधाम से मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

चल समारोह में उमड़ा जनसैलाब: बासौदा की बैंड गाड़ी, पांडा-गोरिल्ला और महर्षि वाल्मीकि की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭गुलाबगंज

महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर गुलाबगंज में भव्य चल समारोह और भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। चल समारोह में बड़ी संख्या में समाजजनों और क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। बासौदा से आई बैंड गाड़ी, पांडा-गोरिल्ला की प्रस्तुति और ट्रॉली में सजाई गई महर्षि वाल्मीकि की भव्य झांकी आकर्षण का केंद्र रही। ताशे की गूंजती धुन पर बच्चे और युवा उत्साह के साथ थिरकते नजर आए। चल समारोह में सबसे पहले बासौदा से आई बैंड गाड़ी ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद पांडा और गोरिल्ला की प्रस्तुति देखने के लिए बच्चों में खासा उत्साह रहा। वहीं, महर्षि वाल्मीकि का स्वरूप धारण किए बच्चे की प्रस्तुति ने भी लोगों का मन मोह लिया। धार्मिक झांकी और उत्सवपूर्ण माहौल के बीच पूरे नगर में उल्लास दिखाई दिया। आयोजन के माध्यम से सामाजिक एकता, समरसता और भाईचारे का संदेश दिया गया।

मंदिर निर्माण की दिशा में पहल: महर्षि वाल्मीकि मंदिर के निर्माण को लेकर भी आयोजन के दौरान चर्चा रही। सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी के प्रयासों से मंदिर का चबूतरा बनकर तैयार हो चुका है।



मंदिर के शेष निर्माण कार्य को भी जल्द पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। समाजजनों ने इसे धार्मिक आस्था और सामाजिक एकजुटता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। मंदिर बनने से श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर स्थान मिल सकेगा।

विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे समाजबंधु: कार्यक्रम में वाल्मीकि समाज के संयोजक हीरालाल घावरी, सरपंच पूजा घावरी, संजय बग्गन, जनपद सदस्य सचिन यादव, ओमप्रकाश घावरी, मोहन घावरी, हेमंत घावरी, मुन्नालाल सोनी, राधेश्याम दुबे, शैलेंद्र सप्रे, दीपक गुप्ता, श्रीराम गुप्ता, विजय बड़कुल, दक्ष घावरी और ओरिक घावरी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। बासौदा से खन्ना चौहान, संजय चावरियां और दीपक चावरियां, सिरोंज से राजू पथरोल, सेवाराम चिड़ार, रोहित पथरोल, सौरभ पथरोल और विशाल वाल्मीकि तथा कुरवाई से विशाल छपरिवन, विकास छपरिवन, सुनील पथरोल, मधुर पथरोल और विकास धौलपुरिया सहित विभिन्न क्षेत्रों से समाजबंधु शामिल हुए।

कलेक्टर ने किया निरीक्षण, जिला अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही हुई उजागर

जच्चा-बच्चा सुरक्षित, वायरल वीडियो के बाद पहुंचे कलेक्टर

प्रसव के लिए भर्ती महिला जिला अस्पताल से भागी, सड़क पर दिया नवजात को जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती थी महिला, घबराहट के चलते अस्पताल से बाहर भागी

सड़क पर महिला ने दिया बच्चे को जन्म, प्रसूता और नवजात की सुरक्षा पर उठे गंभीर सवाल

शासकीय जिला अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती एक गर्भवती महिला ने बुधवार को सड़क पर नवजात बच्चे को जन्म दिया। स्थानीय लोगों एवं समाजसेवियों ने मौके पर से महिला को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। बताया जाता है कि महिला प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती हुई थी, परन्तु उसे घबराहट से राहत न मिलने के कारण वह अस्पताल से भाग गई। लेकिन जिला अस्पताल में तैनात कर्मचारियों ने कोई ध्यान न देते हुए महिला को बाहर जाने दिया और महिला ने एसडीएम कार्यालय के सामने सड़क पर ही नवजात को जन्म दे दिया, जिससे जिला अस्पताल प्रबंधन की घोर लापरवाही सामने आई है। हालांकि जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित है।

घटना का वीडियो वायरल होने पर अस्पताल प्रबंधन से लेकर जिला प्रशासन तक सकते में आ गया। मामले की जानकारी मिलते ही कलेक्टर रोहित सिसोनिया अस्पताल पहुंचे। उनके साथ सीएमएचओ डॉ. दिनेश खत्री और सिविल सर्जन डॉ. अनिल ओढ़ भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य की जानकारी ली और अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

अस्पताल से भागी प्रसूता ने एसडीएम कार्यालय के सामने सड़क पर ही बच्चे को जन्म दिया। वहीं मौके पर मौजूद युवा एवं समाजसेवियों ने महिला को अस्पताल पहुंचा, जहां दोनों पूरी तरह सुरक्षित हैं।



स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर उठे गंभीर सवाल

अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती एक महिला द्वारा घबराहट के चलते बाहर भागने और एसडीएम कार्यालय के सामने बच्चे को जन्म देने की घटना ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली और प्रसूता की देखभाल को लेकर सवाल उठने लगे हैं। प्रसव जैसी संवेदनशील स्थिति में महिला को आवश्यक चिकित्सकीय निगरानी और सहायता मिल रही थी या नहीं, यह जांच का विषय है।

प्रसव के दौरान महिला को चिकित्सकीय देखरेख, मानसिक संबल और तत्काल सहायता की जरूरत होती है। ऐसे में अस्पताल में भर्ती महिला का बाहर निकलना और अस्पताल परिसर से बाहर बच्चे को जन्म देना स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

घटना के बाद अस्पताल की व्यवस्थाओं, प्रसूता को दी गई चिकित्सा सुविधा और संबंधित कर्मचारियों की भूमिका की जांच जरूरी है।



कलेक्टर बोले - जच्चा-बच्चा पूरी तरह सुरक्षित

कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने बताया कि बारला निवासी महिला बबीता बाई प्रसव के लिए जिला अस्पताल में भर्ती हुई थी, लेकिन घबराहट के कारण बाहर निकल गई। फिलहाल जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह सुरक्षित हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम जच्चा और बच्चा के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें हुए है।

कलेक्टर ने निरीक्षण में पाई खामियां

कलेक्टर ने जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रबंधन की कई खामिया नजर आई। साफ-सफाई को लेकर कलेक्टर ने प्रबंधन को निर्देशित किया कि अस्पताल स्वच्छ एवं साफ रहे, वहीं महीनों से बंद पड़ी लिफ्ट पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी जताते हुए सीएस डॉ अनिल ओढ़ को निर्देशित किया कि लिफ्ट में जो भी तकनीकी खराबी है, उसे तुरंत दुरुस्त कराया जाए। जिससे उपचार कराने आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

नर्सों व स्टाप को धक्का देकर भाग गई थी महिला

प्रसव के लिए बबीता बाई सुबह 05.55 बजे अस्पताल में भर्ती हुई थीं। लेबर पेन के दौरान प्रसव के लिए अंदर ले जाते समय बबीता बाई नर्सो एवं स्टाप को धक्का लेकर भाग गई, जबकि उसके परिजन भी उसके साथ मौजूद थे।

- डॉ अनिल ओढ़, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल रायसेन।

ट्रैक्टर की टक्कर से बिजली का खंभा किसान पर गिरा, मौत

खेत में काम करने के दौरान हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/बेगमगंज



जिले की बेगमगंज तहसील के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम खामखेड़ा में बुधवार को दर्दनाक हादसे में एक किसान की जान चली गई। खेत में काम कर रहे 45 वर्षीय किसान रज्जू खंगार के ऊपर अचानक बिजली का खंभा गिर गया। खंभा सिर पर गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में मातम पसर गया, वहीं गांव में शोक का माहौल है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम खामखेड़ा में ट्रैक्टर की टक्कर से बिजली का खंभा टूटकर गिर गया। इसी दौरान खेत में काम कर रहे किसान रज्जू खंगार इसकी चपेट में आ गए। खंभा सीधे उनके सिर पर गिरा, जिससे उन्हें संभलने तक का मौका नहीं मिला। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस, जांच शुरूघटना की सूचना मिलते ही सुल्तानगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल बेगमगंज भेजा।

पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। उधर, किसान की अचानक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे पर हुआ हादसा

दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में दो गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर



सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर स्थित पीएमश्री स्कूल के सामने दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने की भीषण भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में एक बुजुर्ग महिला और एक बुजुर्ग पुरुष गंभीर घायल हो गए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों और मिली जानकारी के अनुसार, दुर्घटना में घायल हुई बुजुर्ग महिला अपने बेटे के साथ भोपाल से अपना इलाज कराकर विदिशा लौट रही थी। सफर के दौरान जैसे ही उनकी बाइक सलामतपुर में पीएमश्री स्कूल के पास पहुंची, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों बाइकों पर सवार लोग सड़क पर जा गिरे।

हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहगीरों और लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए तुरंत घायलों की मदद शुरू की। दुर्घटना में घायल हुए बुजुर्ग पुरुष के परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्हें एक निजी वाहन की सहायता से गंभीर हालत में इलाज के लिए भोपाल के एक बड़े अस्पताल ले गए। वहीं, घायल महिला को तुरंत 108 एम्बुलेंस से सांची सिविल अस्पताल पहुँचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही सलामतपुर चौकी पुलिस दल-बल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुँची। पुलिस ने मौके से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

बापौली धाम में गो संरक्षण सम्मान व गो हत्या को बंद करने के लिए संतों की हुई धर्मसभा

गाय बचेगी तभी पृथ्वी और सृष्टि का कल्याण होगा: ब्रह्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



गो माता के सम्मान संरक्षण और संवर्धन के संकल्प गौ सम्मान आह्वान अभियान को जन-जन तक पहुंचाने बापौली धाम में संत सभा का आयोजन हुआ।

संत सभा में रायसेन नर्मदा पुरम नरसिंहपुर जिले के मठ मंदिरों से आए संत महात्माओं के साथ दो दर्जन से अधिक ग्रामों की गौ रक्षक धार्मिक आस्था में विश्वास रखने वालों की भारी उपस्थिति रही। 4 दिसंबर को भोपाल में होने वाले गौ सम्मान कार्यक्रम के विषय में धर्म सभा में विस्तार से चर्चा की गई।

संत ब्रह्मचारी के सानिध्य एवं जम्मू वाले लाल बाबा जी के संयोजन में हुई बैठक में राजस्थान के नंद बाबा संत सनातन महाराज की विशेष उपस्थिति रही।

बैठक के दौरान ब्रह्मचारी ने कहा कि भारतीय सनातन परंपरा में गौ माता सृष्टि के मूल और लोक कल्याण का आधार माना गया है। वेदों में गो महिमा और गाय को विश्व की माता माना गया है। उसकी दुर्दशा प्रत्येक व्यक्ति के लिए पीड़ा दायक है गो माता की स्थिति चिंता का विषय है। गो सम्मान अभियान में सभी से भाग लेने का आग्रह किया। साथी ही 200 यात्री बसों तक का खर्च उठाने का भरोसा दिया।

गाय रक्षा स्वयं की रक्षा

लाल बाबा ने कहा कि गाय की रक्षा ही स्वयं की रक्षा है कहा कि जनता और संतों द्वारा आज किसी प्रकार की चूक न कर साथ होकर कार्य करना होगा। कहा कि गो माता प्रत्यक्ष देव स्वरूप है। राजस्थान से आए नंद बाबा ने गो सम्मान संरक्षण संवर्धन अभियान के कार्यक्रमों की जानकारी दी और लोगों से गौ माता के दूध का कर्ज उतारने का आव्हान किया। 4 दिसंबर को अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुंचने की अपील की।

प्रस्फुटन समितियों के क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण में ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर

दीवानगंज। गांव का विकास गांव के लोगों के प्रयासों से ही संभव है। प्राकृतिक संसाधन हमारे जीवनदाता हैं, इसलिए इनका संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। यह बात मप्र जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने ग्राम भरतीपुर स्थित होम स्टे में आयोजित प्रस्फुटन समितियों के क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कही। मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड सांची के अंतर्गत प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के तहत दीवानगंज सेक्टर की प्रस्फुटन समितियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

छात्रों ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



सरस्वती शिशु मंदिर में संत शिरोमणि रविदास की 650 वी जयंती पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का विभिन्न गतिविधियों के साथ श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश देने के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति जिला कार्यालय मंत्री पुरुषोत्तम चौधरी, अंकित तिवारी, मोर्चा के जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह चौधरी के साथ नर्मदा शिक्षण समिति के अध्यक्ष मनोज शांडिल्य सचिव हीरेंद्र मालवीय, प्राचार्य जयप्रकाश तिवारी मौजूद रहे।

संत रविदास जी के कर्म सिद्धांत से प्रेरणा लेते हुए विद्यालय के छात्रों दीदी आचार्य ने श्रमदान किया और विद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई। स्वच्छता को अपने जीवन शैली का हिस्सा बनाने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प भी लिया गया।

वक्ताओं ने सामाजिक समरसता और परिश्रम को जीवन में अपनाने मन की पवित्रता और सद्भाव के मार्ग पर चलने का आग्रह किया। कार्यक्रम प्रभारी भारती सोनी एवं अनिल सिलावट ने सभी का आभार व्यक्त किया।

धरती आबा और पीएम जनमन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के कलेक्टर ने दिए निर्देश

रायसेन। कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिले में चिन्हित ग्रामों में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि हर पात्र हितग्राही को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध हो।

अधूरे निर्माण के खिलाफ अभाविप का चक्काजाम

15 दिन में मांगें पूरी करने का प्रशासन ने दिया आश्वासन

41.63 करोड़ के स्कूल भवन में देरी छात्रों की परेशानी पर फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



करोड़ों रुपए खर्च कर आधुनिक स्कूल भवन बनाने की घोषणा, लेकिन वर्षों बाद भी निर्माण अधूरा। नतीजा, विद्यार्थियों को परेशानी और जिम्मेदारों की जवाबदेही अब भी सवालों के घेरे में। सिलवानी में सांदीपनि स्कूल भवन निर्माण में हो रही देरी के खिलाफ बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का आक्रोश सड़कों पर फूट पड़ा।

विद्यार्थियों की समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद निर्माण पूरा नहीं होने और जिम्मेदार अधिकारियों व निर्माण एजेंसी पर कार्रवाई नहीं किए जाने से नाराज कार्यकर्ताओं ने नगर के व्यस्ततम बजरंग चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। चौराहे के बीच जाजम बिछाकर बैठे कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। करीब दो घंटे चले आंदोलन से चारों ओर वाहनों की कतारें लग गईं।

करोड़ों की लागत, फिर भी विद्यार्थी इंतजार में

सिलवानी में 41 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से सांदीपनि स्कूल भवन का निर्माण कराया जा रहा है।

निर्माण एजेंसी भाषा एसोसिएट्स द्वारा करीब तीन वर्षों से काम किए जाने के बावजूद भवन अब तक विद्यार्थियों को सौंपा नहीं जा सका है। जिस भवन का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना था, उसी के अधूरे निर्माण ने शिक्षा व्यवस्था के सामने सवाल खड़े कर दिए हैं। हजारों विद्यार्थियों के भविष्य और पढ़ाई से जुड़े इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में देरी के बावजूद जिम्मेदारी तय नहीं होना प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

15 दिन में कार्रवाई का दिया भरोसा

चक्काजाम की सूचना मिलने पर एसडीएम अलका सिंह, एसडीओपी आशुतोष त्यागी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रूपेंद्र सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आंदोलनकारियों से चर्चा कर मांगों पर 15 दिन में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिषद ने आंदोलन समाप्त कर दिया।